उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

पत्रांक : ओ. यू./परीक्षा/093 /2026 दिनांक : 06/05/2026

कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आगामी सत्रांत परीक्षा में निम्न कारणों के अन्तर्गत परीक्षा केन्द्र परिवर्तन किया जायेगा –

1. **चिकित्सा प्रमाण पत्र (CMO द्वारा निर्गत चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर)।**
2. **विवाह होने की दशा में (मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत मैरिज सर्टिफिकेट)।**
3. **दिव्यंगता की दशा में (दिव्यंगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर)।**
4. **स्थानांन्तरण की दशा में *(नियोक्ता द्वारा जारी किये गये स्थानांन्तरण पत्र की प्रति)।***

शिक्षार्थी का नामांकन जिस जनपद में है और वे उसी जनपद के अन्य परीक्षा केन्द्र पर परिवर्तन हेतु आवेदन करते है तो उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उनके द्वारा जमा धनराशि को किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन हेतु शिक्षार्थी द्वारा 2500/– रूपया ऑन लाइन जमा करना अनिवार्य है। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन की शर्तो को पूर्ण करने की दशा में परीक्षार्थी का आवेदन साक्ष्य सहति आनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा शुल्क के साक्ष्य के साथ निर्धारित अन्तिम तिथि दिनांक 11/05/2026 तक प्राप्त हो जाने चाहिए।

नोट : नियमानुसार परीक्षा केन्द्र परिवर्तन हेतु आवेदन करने पर आप द्वारा चयनित जनपद के किसी भी परीक्षा केन्द्र पर स्थानान्तरित किया जा सकता है। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन हेतु परीक्षार्थी केवल जनपद का ही विकल्प देगे। परन्तु आप द्वारा जनपद के किसी भी परीक्षा केन्द्र की मॉग स्वीकार नहीं किया जायेगा।

बी. एड. एवं बी. एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम हेतु केवल निम्न जनपदो में ही स्थानान्तरण किया जायेगा।

बी. एड.	बी. एड. (विशिष्ट शिक्षा)	सामान्य कार्यक्रम
आगरा	प्रयागराज	स्थापित परीक्षा केन्द्रों के जनपद में
गोरखपुर	चित्रकूट	
जौनपुर	रायबरेली	
बड़ौत, बागपत	मथुरा	
प्रयागराज	अयोध्या	
लखनऊ	मीरजापुर	
अम्बेडकरनगर	आगरा	
वाराणसी	अमरोहा	
झाँसी		
कानपुर		

नोट : परीक्षा केन्द्र परिवर्तन शुल्क केवल आनलाइन ही लिया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से शुल्क मान्य नहीं होगा।

परीक्षा नियंत्रक

पृ.सं.: ओ.यू./परीक्षा/093(ii) /2026 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सूचना पटल, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
2. प्रभारी, ICT Cell को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल UPLOAD करवाने का कष्ट करें।
3. वित्त अधिकारी, उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
4. कुलसचिव, उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
5. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner